# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

**First Term Examination - 2018**

**Class : 7**

**SUB : Hindi Grammar** F.M.: 90

**DURATION: 2 Hrs30Mins** DATE:27.04.2018

नोट : 1.निर्धारित समय-सीमा में दिये गये सटीक एवं तर्कपूर्ण उत्तरों का मूल्यांकन व्याकरणिक शुद्धता के आधार पर किया जाएगा|

2 .अव्यवस्थित तथा अस्वच्छ कार्य के लिए अंक काट लिए जाएगे |

GROUP – A

1.उपसर्ग एवं मूल शब्द लिखिए | (5)

अधर्म , कुमार्ग , ,खुशनसीब ,सजल ,प्रतिभास |

2. प्रत्यय अलग कीजिए | (5)

लुटेरा, लिखावट, पढ़ाई , तैराक , शिक्षा |

3. निम्नलिखित वाक्यों के रिक्त स्थानों में भाववाचक संज्ञाए लिखिए ----- (5)

i) ........... आदमी के पतन का कारण बनता है | (लोभी)

ii) गुस्से के मारे वह ........ खो बैठा | ( आप)

iii) आजकल लोगों में ........ कम होती जा रही है | ( इंसान)

iv) मुझे पूरी बात ........ से बताओ | ( विस्तृत)

v) परीक्षा से पहले मुझे बहुत ........ होती है | ( घबराना )

4. खाली जगहों को भरे | ( 5)

i) .......रूढ़ शब्दों के अंत में अथवा क्रिया के अंत में जोड़े जाते है |

ii) हिंदी में ...... प्रकार के उपसर्ग प्रचलित हैं |

iii) भाषा का प्रारंभिक रूप ....... था |

iv) पंजाबी भाषा ......... लिपि में लिखी जाती है |

v) ........ के द्वारा हम अपनासंदेश एक- दूसरे तक पहुँचाते है |

5. सही या गलत लिखिए | (5)

i) औपचारिक पत्रों का कोई वर्ग नहीं होता है |

ii) भाषा का प्रयोग सीमित स्थान में होता है |

iii) 14, सितम्बर ,1950 को हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया था |

iv) प्रत्यय चार प्रकार के होते है |

v) हिमालय पर्वत समूहवाचक संज्ञा का उदाहरण है |

GROUP - B

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखे | (2x5=10)

i) पर्यायवाची शब्द दो - दो लिखे - इंद्र , पंडित |

ii) विलोम शब्द लिखे - यश , सरस

iii) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द ------- जिसकी आशा न हो , जिसका मूल्य आँका न जा सके

iv) श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द - क) आदि आदी ,ख) अपेक्षा उपेक्षा

v) मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य बनाये ------ गागर में सागर भरना , ढोल पीटना |

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (कोई पाँच) (3x5=15)

i) संज्ञा के कितने भेद है ? नाम लिखिए |

ii) औपचारिक पत्र से आप क्या समझते है ?

iii) भाषा किसे कहते है ? हिंदी भाषा पर टिपण्णी लिखे |

iv) व्यक्तिवाचक संज्ञा का जातिवाचक संज्ञा के रूप में किस प्रकार से प्रयोग होता है?

v) कवि प्रगति का लेखा - जोखा किस प्रकार करना चाहता है ?

vi) कवि ने किसे गरीब कहा है ? इस कविता के कवि कौन है ?

vii) उपसर्ग एवं प्रत्यय की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए |

## GROUP -C

8. आपके इलाके में साफ़ - सफाई का सही तरीके से ध्यान नहीं रखा जा रहा है , जिस वजह से बहुत - सी खतरनाक बिमारियों के फैलने का डर है | इस समस्या के संबंध में अवगत करने के लिए हिंदी अख़बार के संपादक को पत्र लिखे | ( 10)

9.राष्ट्रीय एकता अथवा वृक्ष हमारे मित्र विषय पर निबंध लिखे |(10)

10. कहानी - लेखन | <u>कहानी का शीर्षक लिखना अनिवार्य है</u> (10)

किसी गाँव में एक कंजूस व्यापारी .......... बटुए में हजार रुपये .........रास्ते में व्यापारी का बटुआ खोना ........... बटुआ खोजने वाले को सौ रुपये इनाम देने कोकहना ........... एक किसान का बटुआलेकर आना ........ व्यापारी के मन में लोभ आना ........... बटुए में 1110 रुपये बताना .........विवाद मुखिया तक पहुँचना ..........मुखिया द्वारा उसे बटुए का मालिक न मानना ......... व्यापारी का पछताना ............बईमानी की सज़ा मिलना ........|

11.चित्र लेखन (10)



Priti Tiwari
28.4.18

# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

1st TERM 2018

CLASS – 7B

सही उत्तर

SUB:HINDI GRAMMAR F.M. :90

TIME: 2 HOURS 30 minutes DATE: 27.4.2018

नोट : 1.निर्धारित समय-सीमामें दिये गये सटीक एवं तर्कपूर्ण उत्तरों क मूल्यांकन व्याकरणिक शुद्धता के आधार पर किया जाएगा|

2 .अव्यवस्थित तथा अस्वच्छ कार्य के लिए अंक काट लिए जाएगे |

GROUP – A

1.उपसर्ग एवं मूल शब्द लिखिए | (5)

| उपसर्ग | मूल शब्द |
|---|---|
| अ | धर्म |
| कु | मार्ग |
| खुश | नसीब |
| स | जल |
| प्रति | मास |

2. प्रत्यय अलग कीजिए | (5)

लुटेरा, लिखावट, पढाई , तैराक , शिक्षा |

प्रत्यय - एरा ,आवट,आई , आक , आ |

3. निम्नलिखित वाक्यों के रिक्त स्थानों में भाववाचक संज्ञाए लिखिए ----- (5)

i) लोभ ii) आपा iii) इंसानियत iv) विस्तार v) घबराहट

4. खाली जगहों को भरे | ( 5)

i) प्रत्यय ii) चार iii) मौखिक iv) गुरुमुखी v) भाषा

5. सही या गलत लिखिए | (5)

i) गलत ii) गलत iii) गलत iv) गलत v) गलत

GROUP - B

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखे | (2x5=10)

i) पर्यायवाची शब्द दो - दो लिखे - इंद्र - सुरपति,देवराज,सुरेश,सुरेंद्र | पंडित -मनीषी, विद्वान,सुधी,कोविद |

ii) विलोम शब्द लिखे - यश -अपयश , सरस - नीरस |

iii) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द ------ जिसकी आशा न हो - अप्रत्याशित, जिसका मूल्य आँका न जा सके - अमूल्य |

iv) श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द - क) आदि - शुरू

आदी - अभ्यस्त ,ख) अपेक्षा - तुलना,आशा | उपेक्षा - निरादर |

v) मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य बनाये ------ गागर में सागर भरना -कम शब्दों में अधिक कहना , ढोल पीटना - अपनी प्रशंसा करना | दिये गये मुहावरों के आधार पर बनाये गये वाक्य पर विचार किया जाएगा |

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (कोईसात) (3x5=15)

i) संज्ञा के पांच भेद है | नाम - व्यक्तिवाचक संज्ञा, जातिवाचक संज्ञा, भाववाचक संज्ञा ,द्वयवाचक संज्ञा , समूहवाचक संज्ञा |

ii) औपचारिक पत्र - जिन व्यक्तियों के साथ पारिवारिक संबंध नहीं होते , उन्हें लिखे जाने वाले पत्र औपचारिक पत्र कहलाते हैं | प्रार्थना - पत्र, प्रधानाचार्य को पत्र ,संपादक को पत्र , व्यापार संबंधी पत्र , कार्यालयी पत्र आदि औपचारिक पत्र के अंतर्गत आते है |

iii) भाषा - भाषा वह माध्यम है जिसके द्वारा मन के भावों और विचारों को प्रकट किया जाता है और दूसरों के भावों और विचारों को जाना जाता है | हिंदी भाषा -हिंदी को देश के प्रत्येक भाग में बोला और समझा जाता है | देश में हिंदी ही सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है |भारत सरकार ने 14 सितम्बर ,1949 को इस देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था |

iv) कई बार व्यक्तिवाचक संज्ञा का जातिवाचक संज्ञा के रूप में प्रयोग किया जाता है| जैसे - आजदेश में **रावणों** की कमी नहीं है | भारत को स्वतंत्रता **चंद्शेखरों** ने दिलवाई | रावण और चंद्रशेखर आज़ाद व्यक्तिवाचक संज्ञा हैं | यहाँ इनका प्रयोग जातिवाचक संज्ञा के रूप में हुआ है | इन व्यक्तियों के नाम से उनके विशेष गुणों का पता चलता है |

v) पठित कविता के आधार पर लिखे गये उत्तर पर विचार किया जाएगा |

vi) पठित कविता के आधार पर लिखे गये उत्तर पर विचार किया जाएगा |

vii) उपसर्ग - जो शब्दांश किसी शब्द के आरम्भ में जुड़कर उनके अर्थ में परिवर्तन ला देते हैं, वे 'उपसर्ग' कहलाते हैं | प्रत्यय - जो शब्दांश किसी शब्द के अंत में जुड़कर उनके अर्थ में परिवर्तनला देते हैं,वे प्रत्यय कहलाते हैं |

GROUP -C

8. पठित प्रारूप के आधार पर लिखे गये उत्तर पर विचार किया जाएगा |( 10)

9. परिचय, मूल बिन्दुओं का विस्तार से वर्णन , उपसंहार |

10. कहानी - लेखन | **कहानी का शीर्षक लिखना अनिवार्य है** (10)

दिये गये बिन्दुओं के आधार पर लिखे गये उत्तर पर विचार किया जाएगा |

11.चित्र लेखन (10)

दिये गये चित्र के आधार पर लिखे गये कहानी पर विचार किया जाएगा |